SJU Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**बधाई एवं अवकाश सूचना**

सभी पाठकों को विजयदशमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं... विजयदशमी के अवसर पर न्याय साक्षी कार्यालय में 24 अक्टूबर को अवकाश रहेगा। अगला अंक 26 अक्टूबर को प्रकाशित होगा।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, मंगलवार 24 अक्टूबर 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 29

## महत्वपूर्ण एवं खास

### जिम में वर्कआउट के दौरान चक्कर खाकर गिरे पानीपत जेल के डीएसपी, अस्पताल में तोड़ा दम

**पानीपत (आरएनएस)।** हार्ट अटैक के मामले लगातार बढ़े हैं। जिम में कसरत के दौरान कई युवाओं की हार्ट अटैक से मौत हो रहीं हैं। अब ताजा मामला हरियाणा का है। यहां पर डिप्टी जेलर की जिम में कसरत के दौरान मौत हो गई। माना जा रहा है कि उन्हें दिल का दौरा पड़ा है। जानकारी के अनुसार, हरियाणा के पानीपत जिले में गांव सिवाह की जेल में तैनात ष्ठस्क्क जोगिंद्र देशवाल को करनाल की जिम में एक्सरसाइज करने के दौरान निधन हो गया। सुबह-सुबह वह एक्सरसाइज कर रहे थे। इस दौरान एकदम से गिर गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डीएसपी के निधन के बाद से पानीपत पुलिस प्रशासन समेत हरियाणा पुलिस में शौक की लहर दौड़ गई है। गौरतलब है कि जोगिंद्र देशवाल काफी समय जेल में वार्ड चेकिंग के दौरान बंदी निगरानी के डीएसपी रहे हैं। पिछले कुछ समय से वे जेल में बने तेल कोल्हू, दरी फैक्ट्री समेत अन्य कारखानों की जिम्मेदारी संभाल रहे थे।

### मुंबई में इमारत में आग लगने से पांच लोग घायल

**मुंबई (आरएनएस)।** मुंबई के बोरीवली पश्चिम में सोमवार को एक आवासीय इमारत में आग लगने से कम से कम पांच लोग घायल हो गए। बीएमसी आपदा नियंत्रण के मुताबिक आग लगने की सूचना भीड़भाड़ वाले साईबाबा नगर इलाके में नौ मंजिला वीणा संतूर सोसायटी से दोपहर करीब 12.15 बजे दी गई, जिसका कारण स्पष्ट नहीं है। इमारत की पहली मंजिल पर बिजली के तार और प्रतिष्ठानों में आग देखी गई। दो दमकल गाडिय़ों को मौके पर भेजा गया। इमारत से घने काले धुएं के बादल निकलते देखे गए, जिससे आसपास के इलाकों में दहशत फैल गई। दमकलकर्मी आग पर काबू पा रहे थे। पांचों घायलों को कांदिवली पश्चिम के शताब्दी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और आगे की जांच चल रही है।

### दिल्ली में फुट ओवरब्रिज का हिस्सा गिरा, कोई जनहानि नहीं

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पूर्वी दिल्ली में क्रेन ले जा रहे एक ट्रक की चपेट में आने से एक फुटओवर ब्रिज का एक हिस्सा ढह गया। एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। पुलिस के मुताबिक, रविवार-सोमवार की दरमियानी रात 12:34 बजे लक्ष्मी नगर थाने में पुलिस कंट्रोल रूम की कॉल आई कि ललिता पार्क के पास सडक़ पर एक फुटओवर ब्रिज गिरा हुआ है। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि क्रेन से लदा एक बड़ा ट्रक ललिता पार्क फुट ओवरब्रिज के नीचे से गुजर रहा था और ओवर-ब्रिज से टकराया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, इसके कारण पुल का एक हिस्सा सडक़ पर गिर गया। इससे एक तरफ का ट्रैफिक रूक गया। इस घटना में किसी के हताहत या घायल होने की सूचना नहीं है। सडक़ साफ कर दी गई है और ट्रैफिक बहाल कर दिया गया है। अधिकारी ने बताया, लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला दर्ज कर लिया गया है। चालक की पहचान उत्तर प्रदेश के जौनपुर निवासी नीरज के रूप में हुई है, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

## तेज हुआ विनाशकारी चक्रवाती तूफान, बंगाल की खाड़ी में उठ रहा हामून मचा सकता है तबाही



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** अरब सागर में उठा चक्रवाती तूफान तेज और विनाशकारी हो गया. उधर बंगाल की खाड़ी में भी हामून नाम का एक चक्रवात बन गया है. आईएमडी के मुताबिक, चक्रवात तेज रविवार को भीषण चक्रवाती तूफान में बदल गया. इसके बाद ये ओमान-यमन के तटों की ओर बढ़ गया. जिससे भारत के लिए पैदा हुआ खतरा भी टल गया. हालांकि बंगाल की खाड़ी में उठा हामून चक्रवात अभी भी चिंता का विषय बना हुआ है. क्योंकि अभी यह शुरुआती दौर में है और ये आने वाले कुछ घंटों में भीषण रूप ले सकता है. बताया जा रहा है कि साल 2018 में पूर्व और पश्चिम दिशाओं में एक साथ चक्रवाती तूफान आया था. जिसने भारी तबाही मचाई थी.

आईएमडी के मुताबिक, अरब सागर में उठा चक्रवाती तूफान तेज उत्तर-पश्चिम की ओर लगातार बढ़ रहा है. जिसके 25 अक्तूबर (बुधवार) की सुबह यमन के अल गैदाह और ओमान के सलालाह के बीच यमन-ओमान तटों को पार करने का अनुमान है. जब ये तूफान ओमान और यमन के तटों को पार करेगा उस दौरान यहां हवा की रफ्तार 115 से 125 किमी प्रति घंटे से लेकर 140 किमी प्रति घंटे तक हो सकती है. मौसम विभाग की मानें तो भीषण चक्रवाती तूफान तेज अत्यंत गंभीर चक्रवाती तूफान में बदल चुका है. रविवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे ये यमन के सोकोट्रा से लगभग 160 किमी पूर्व-दक्षिण और ओमान के सलालाह से 540 किमी दक्षिण-पूर्व, जबकि यमन के अल गैदाह से 550 किमी दक्षिण-पूर्व में स्थित था.

भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी में पैदा हुआ चक्रवात हामून भी लगातार सक्रिय होता जा रहा है. जिसके पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी में और अधिक तीव्र होकर गहरे दबाव में बदलने की आशंका है. इसके बाद ये अलगे तीन दिनों में बांग्लादेश और पास के पश्चिम बंगाल तटों तथा उत्तर-पूर्वोत्तर की ओर बढऩे लगेगा. स्काईमेट वेदर के मुताबिक, हामून तूफान के कल यानी मंगलवार तक चक्रवाती तूफान में बदलने की संभावना है.

मौसम विभाग के मुताबिक, फिलहाल दोनों तूफानों (हामून और तेज) के भारतीय तटों से टकराने की संभावना बहुत कम है. जिससे इनका भारत में असर नहीं होगा. हालांकि तमिलनाडु और चेन्नई के तटीय इलाकों में इसका असर देखने को मिल सकता है. वहीं ओडिशा, तमिलनाडु और केरल के आंतरिक हिस्सों में इस तूफान के चलते बारिश होने की संभावना है.

### शिक्षा विभाग की सख्ती

## अनुपस्थित रहने पर सरकारी स्कूलों के 20 लाख बच्चों का पंजीकरण रद्द



**पटना (आरएनएस)।** बिहार के शिक्षा विभाग ने अनुपस्थित रहने के कारण राज्य के विभिन्न सरकारी स्कूलों में पढऩे वाले 20,87,063 छात्र-छात्राओं का पंजीकरण रद्द कर दिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

संबंधित अधिकारियों की पूर्व अनुमति के बिना बच्चों को लगातार 15 दिनों तक अनुपस्थित पाए जाने के बाद विभाग ने ये कड़ा कदम उठाया है। इनमें 2,66,564 छात्र कक्षा 9 से 12 तक के हैं।

इस कार्रवाई के बाद इन छात्र-छात्राओं को 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में तब तक शामिल नहीं होने दिया जाएगा, जब तक कि उनके माता-पिता दोबारा उनकी गलती न दोहराने का हलफनामा दाखिल न कर दें।

अपर मुख्य सचिव के.के. पाठक के निर्देश पर प्राधिकरण ने जिला शिक्षा अधिकारियों और खंड शिक्षा अधिकारियों को अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में स्कूलों का निरीक्षण करने और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा है।

## बांग्लादेश में दो ट्रेनों की भीषण टक्कर, 15 की मौत



**ढाका ।** बांग्लादेश में भीषण ट्रेन हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यह ट्रेन हादसा तब हुआ, जब राजधानी ढाका से लगभग 80 किलोमीटर (50 मील) दूर भैरब में एक पैसेंजर ट्रेन एक मालगाड़ी से टकरा गई और चारों ओर चीख-पुकार मच गई। पुलिस अधिकारी सिराजुल इस्लाम ने कहा कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि बचाव अभियान जारी है। ढाका रेलवे पुलिस के अधीक्षक अनवर हुसैन ने कहा कि प्रारंभिक रिपोर्ट में कहा गया है कि मालगाड़ी पीछे से एगारो सिंधुर में दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे दो डिब्बे टकरा गए।

## शहीद अग्निवीर के परिवार को मिलेंगे 1 करोड़ रुपए, सेना ने आर्थिक मदद का दिया ब्यौरा



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय सेना में ऑपरेटर के तौर पर तैनात अग्निवीर गावते अक्षय लक्ष्मण के बलिदान के मामले में सेना ने स्पष्ट बयान जारी करते हुए कहा कि अग्निवीर गावते अक्षय लक्ष्मण ने सियाचिन में अपना कर्तव्य निभाते हुए अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। दुख की इस घड़ी में भारतीय सेना शोक संतप्त परिवार के साथ खड़ी है।

भारतीय सेना ने एक्स पर एक पोस्ट में जानकारी दी कि अग्निवीर अक्षय लक्ष्मण के परिवार को एक करोड़ रुपए से ज्यादा की मदद की जाएगी। सेना ने लिखा कि सोशल मीडिया पर कई गलत मैसेज लिखे जा रहे हैं। इसलिए यहां साफ करना जरूरी है कि मृतक सैनिक के परिवार को नियमों के मुताबिक उपयुक्त आर्थिक सहायता दी जाती है। गावते काराकोरम रेंज में लगभग 20,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित सियाचिन ग्लेशियर में तैनात थे। इस ग्लेशियर को दुनिया में सबसे अधिक ऊंचाई वाले युद्ध स्थल के रूप में जाना जाता है जहां सैनिकों को तेज बर्फीली हवाओं से जूझना पड़ता है। यह भारत का सबसे बड़ा और दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा ग्लेशियर है.शनिवार तडक़े ही लक्ष्मण की मौत हुई। शहीद जवान के परिवार को अंशदायी बीमा के तौर पर 48 लाख रुपए मिलेंगे। इसके साथ ही शहीद के परिवार को 44 लाख रुपए की अनुग्रह राशि भी मिलेगी। इसके अलावा शहीद के परिवार को अग्निवीर के जरिए योगदान की गई सेवा निधि (30 फीसदी) से एक राशि भी मिलेगी। इसमें सरकार का समान योगदान और उसपर ब्याज भी शामिल होगा।

## छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन-2023 : प्रथम चरण की बीस विधानसभा क्षेत्रों के लिए कुल 223 अभ्यर्थी होंगे चुनाव मैदान में

❒ **पहले चरण के निर्वाचन के लिए मतदान तिथि 7 नवंबर को**




**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन-2023 अंतर्गत प्रथम चरण के 20 विधानसभा क्षेत्रों में नाम वापसी के बाद अब 223 अभ्यर्थी ही निर्वाचन के लिए मतदाताओं के बीच जाएंगे। द्वितीय चरण के लिए आज नाम वापसी के अंतिम दिन कुल 30 अभ्यर्थियों ने अपना नाम वापस ले लिया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र से सबसे अधिक 6 अभ्यर्थियों ने नाम वापसी की। उल्लेखनीय है कि प्रथम चरण के विधानसभा क्षेत्रों में नामांकन पत्रों की संवीक्षा के बाद कुल 253 अभ्यर्थियों के नामांकन विधिमान्य पाए गए थे, जबकि प्रथम चरण में नामांकन के अंतिम दिन 20 अक्टूबर तक कुल 294 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया था।

विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत प्रथम चरण में अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 13, भानुप्रतापपुर में 14, कांकेर में 9, केशकाल में 10, कोंडागांव में 8, नारायणपुर में 9, बस्तर में 8, जगदलपुर में 11, चित्रकोट में 7, दंतेवाड़ा में 7, बीजापुर में 8, कोंटा में 8, खैरागढ़ में 11, डोंगरगढ़ में 10, राजनांदगांव में 29, डोंगरगांव में 12, खुज्जी में 10, मोहला-मानपुर में 9, कवर्धा में 16 तथा पंडरिया में 14 अभ्यर्थी शेष बचे हैं।

प्रथम चरण के 20 विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं की कुल संख्या 40 लाख 78 हजार 681 है जिसमें 19 लाख 93 हजार 937 पुरुष, 20 लाख 84 हजार 675 महिलाएं तथा 69 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल हैं। इन विधानसभा क्षेत्रों के लिए कुल 5 हजार 304 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। प्रथम चरण के विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदान तिथि 7 नवंबर और मतगणना तिथि 3 दिसंबर 2023 है।

## मतदाता फोटो पहचान पत्र के अतिरिक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर भी मतदाता कर सकेंगे मतदान

**रायपुर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए है। आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने कहा कि यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमत किए गए है। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा- आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/ लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड शामिल है। मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे।

प्रवासी निर्वाचकों को जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावालियों में पंजीकृत है, मतदान केंद्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा अन्य कोई पहचान दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जाएगा।

## नवरात्र में मां वैष्णो देवी के दरबार में उमड़ा भक्तों का सैलाब, चार लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने किए दर्शन



**जम्मू (आरएनएस)।** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले की त्रिकुटा पहाडिय़ों में स्थित श्री माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर में नवरात्र के 10 दिनों में चार लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए। श्राइन बोर्ड के प्रवक्ता ने सोमवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने कहा कि विश्व शांति, सद्भाव, समृद्धि और मानवता के स्वास्थ्य के लिए नवरात्र के दौरान श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड द्वारा आयोजित नौ दिवसीय शत चंडी महायज्ञ भी आज रामनवमी के शुभ अवसर पर पवित्र तीर्थस्थल पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंशुल गर्ग, श्राइन बोर्ड के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों के अलावा तीर्थयात्रियों ने वैदिक मंत्रों के बीच पूर्णाहुति और अन्य धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। पद्मश्री प्रोफेसर विश्वमूर्ति शास्त्री के नेतृत्व में पंडितों के एक समूह ने महायज्ञ किया। इन नवरात्रों के दौरान तीर्थयात्रा में विशेष सुविधाओं में स्काईवॉक, पुनर्निर्मित पार्वती भवन, पवित्र प्राकृतिक गुफा के माध्यम से वर्चुअल दर्शन और श्री भैरों मंदिर परिसर में मुफ्त लंगर सेवा के अलावा 'लाइव दर्शन सुविधा' और द्विभाषी 'शक्ति' चैटबॉट शामिल हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन औसतन 40 हजार तीर्थयात्री दर्शन करने आते हैं। बोर्ड ने नवरात्र के दौरान तीर्थयात्रियों के लिए विशेष सुविधा मुहैया करायी।

### जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव ने माता वैष्णो देवी यात्रा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

यात्रा को सुव्यवस्थित करने और सर्वोत्तम तीर्थयात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) ने नए उन्नत भीड़ प्रबंधन उपायों को अपनाया है। इसकी घोषणा रविवार को की गई। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि 1 जनवरी, 2022 के सरकारी आदेश संख्या 01-जेके (जीएडी) के तहत गठित समिति की सिफारिशों के कार्यान्वयन पर विचार-विमर्श करने के लिए मुख्य सचिव, डॉ. अरुण कुमार मेहता की अध्यक्षता में एक बैठक बुलाई गई थी, जिसमें वरिष्ठ अधिकारी और एसएमवीडीएसबी के सीईओ, अंशुल गर्ग शामिल हुए थे।

मुख्य सचिव ने समिति द्वारा की गई प्रत्येक सिफारिश के कार्यान्वयन का आकलन किया और प्राप्त प्रगति पर संतोष जताया। बयान में कहा गया है कि गर्ग ने कटरा से पवित्र गुफा तक तीर्थयात्रा के प्रबंधन को बढ़ाने के लिए किए गए तत्काल, अल्पकालिक और दीर्घकालिक उपायों का एक व्यापक अवलोकन प्रदान किया, जिसमें कहा गया कि बोर्ड ने कई उभरती प्रौद्योगिकियों को अपनाने और मजबूत प्रतिक्रिया के लिए ठोस प्रयास किए हैं।

इनमें कई प्रशासनिक और ढांचागत उपाय शामिल हैं, जैसे तीर्थ क्षेत्र में 700 से अधिक सीसीटीवी कैमरों का नेटवर्क बिछाकर यात्रा की प्रभावी और वास्तविक समय की निगरानी के लिए आरएफआईडी प्रौद्योगिकी आधारित यात्रा कार्ड की शुरुआत, सुबह के समय 'आरती' की अवधि में कटौती और शाम के समय हितधारकों की संयुक्त टीमों को तैनात करके भवन के विभिन्न स्थानों पर बीट प्रणाली की शुरुआत की गई।

सीईओ ने अध्यक्ष को आगे बताया कि श्राइन बोर्ड ने तीर्थयात्री-केंद्रित सुविधाओं का विकास और लगातार उन्नयन किया है और इस संदर्भ में मार्ग में विभिन्न प्रमुख बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाएं बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिनमें दुर्गा भवन, पार्वती भवन और स्काईवॉक का निर्माण शामिल है। भवन में इसके अलावा, अधकुवारी सहित ट्रैक पर नए होल्डिंग क्षेत्रों का संवर्द्धन और निर्माण किया जाएगा।

उन्होंने आगे कहा कि इसी तर्ज पर श्राइन बोर्ड ने स्वयं-सेवा कियोस्क मशीनों, क्यूआर कोड, ईडीसी मशीनों, यूपीआई भुगतानों की स्थापना और दान के लिए लोकप्रिय डिजिटल प्लेटफार्मों पर ऑन-बोर्डिंग और सामने वाले प्रसाद की बिक्री के द्वारा विभिन्न डिजिटल पहल शुरू की है। तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए हेलीकॉप्टर, बैटरी कार बुकिंग की सेवाएं और ईआरपी मॉड्यूल, नेक्स्ट जेन वेबसाइट और इसके विभिन्न कार्यों के लिए उन्नत कॉल सेंटर द्वारा संचालित डिजिटल रिकॉर्ड और वास्तविक समय रिपोर्टिंग के माध्यम से प्रशासनिक दक्षता में सुधार हुआ जो एक इंटरफेस के रूप में काम कर रहा है।

इसके अलावा, उन्होंने यात्रा, लाइव दर्शन/अटका आरती, सलाहकार/प्रदर्शन सुविधाओं के संबंध में आने वाले तीर्थयात्रियों को वास्तविक समय की जानकारी को सक्षम/प्रसारित करने के लिए ट्रैक पर विभिन्न स्थानों पर हाई-टेक बहुउद्देशीय वीडियो स्क्रीन की स्थापना के बारे में भी जानकारी दी। इस स्क्रीन पर आपदा संभावित स्थानों के बारे में जानकारी और मौसम पूर्वानुमान की शुरुआती चेतावनी मिलेगी।